सं०सं०–2/पेन–99/2021

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : स्व० (डा०) राम नारायण राम, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विक्रमगंज, रोहतास की पत्नी श्रीमती सीता देवी के पारिवारिक पेंशन एवं मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपदान की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध मे कहना है कि स्व० (डा०) राम नारायण राम, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विक्रमगज, रोहतास को दिनांक–07.02.2021 के मृत्यु के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती सीता देवी को अनुमान्य पारिवारिक पेंशन एवं मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपदान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) उक्त आदेश इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी ।

(3) इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक संलग्न है :–

(i) पेंशन प्रपत्र दो प्रति में
(ii) फोटो–स्व० (डा०) राम नारायण राम की पत्नी श्रीमती सीता देवी का फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) अंचला अधिकारी द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यों की सूची
(v) सेवा इतिहास तथा वेतन पूर्जा
(vi) उत्तराधिकारी प्रमाण–पत्र (Succession Certificate)
(vii) मृत्यु प्रमाण–पत्र
(ix) दीर्घकालीन बकाया रहित प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग को भेजा गया आवेदन की प्रति।
(x) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सासाराम द्वारा निर्गत मॉग रहित प्रमाण पत्र।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन
ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)

ज्ञापांक–2/पेन–99/2021– 2568(2) पटना, दिनांक 27/10/2026

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, वित्त(वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विक्रमगंज, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। साथ ही निदेश दिया जाता है कि स्व० (डा०) राम नारायण राम का दीर्घकालीन बाकी/बेबाकी प्रमाण–पत्र एवं विभागीय बकाया रहित प्रमाण–पत्र सीधे महालेखाकार, बिहार को भेजते हुए इसकी सूचना विभाग को दी जाए।

प्रतिलिपिः जिला कोषागार पदाधिकारी, भोजपुर, आरा/श्रीमती सीता देवी, पत्नी–स्व० (डा०) रामनारायण राम, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विक्रमगंज, रोहतास का पत्राचार पता–मोहल्ला–M-85 हाउसिंग कॉलोनी, पो०–चदवा, थाना–नवादा, जिला–भोजपुर, पिन कोड–802312/प्रशाखा पदाधिकारी 3/9 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Vinod Kumar Pathak 27/10
सरकार के उप सचिव।